हम बाबा के लाडले हम पर किसका जोर लिरिक्स

हम बाबा के लाडले,
हम पर किसका जोर,
पग पग पे सहारा देता,
पग पग पे सहारा देता,
हम बाबा के लाड़ले,
हम पर किसका जोर।bd।

तर्ज – देना हो तो दीजिये।

संकट आये जीवन में चाहे,
छाये हो गम के बादल,
हर संकट को दूर भगाए,
इसकी किरपा का आंचल,
सांवरिया साथ है अपने,
जब छाए घटा घनघोर,
हम बाबा के लाड़ले,
हम पर किसका जोर।bd।

जब जब अपना मन घबराए,
जय श्री श्याम ही रटते है,
जैसे जैसे जाप बड़े तो,
कष्ट हमारे घटते है,
है अटल भरोसा इन पे,
हम देखे इन की ओर,
हम बाबा के लाड़ले,
हम पर किसका जोर।bd।

बिठा दिया है इसने फलक पे,
खाक से उठा करके,
साथ निभाता हारे का बाबा,
गोदी में बिठा कर के,
श्याम बंधी रहे 'सुनील' की,
तुमसे ये उज्वल डोर,
हम बाबा के लाड़ले,
हम पर किसका जोर।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हम बाबा के लाडले,
हम पर किसका जोर,
पग पग पे सहारा देता,
पग पग पे सहारा देता,
हम बाबा के लाड़ले,
हम पर किसका जोर।bd।

Singer – Harsh Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com